कार्यालय प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय खरगोन (म.प्र.)
(NAAC द्वारा B++ ग्रेड से प्रत्यायित संस्था)
E-mail: hegpgckhr@mp.gov.in Phone No: +91-7282-241562

क्र./ 743 /2024 खरगोन, दिनांक 6/3/24

अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति

महाविद्यालय के बास्केटबॉल कोर्ट (मैदान) के पास यूरीनल (महिला+पुरुष) का निर्माण कार्य जनभागीदारी मद से लोकनिर्माण विभाग की एस.ओ.आर. दर अनुसार कराया जाना है। इस कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का नाम	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
०1	बास्टकेटबाल कोर्ट के पास यूरीनल का निर्माण कार्य	50,000/-	2000/-

कार्य स्थल निरीक्षण कर अपनी निविदा दर निविदा प्रपत्र में सिल बंद लिफाफे में दिनांक 12.03.2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। कार्य का प्राक्कलन कार्यालय में देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र महाविद्यालय से प्राप्त करें।

3. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट महाविद्यालय की वेबसाईट http://govtpgcollegekhargone.org/tender पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से किसी और माध्यम से सूचित नहीं किया जायेगा।
5. निविदा से संबंधित नियम एवं शर्ते लोक निर्माण विभाग के अनुसार होगी।

निविदा संबंधित तिथियाँ

4. बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - 06.03.2024
5. बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 12.03.2024
6. बिड खोलने की तिथि - 13.03.2024

प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
खरगोन (म.प्र.)
फोन नं.- 07282-241562

प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
खरगोन (म.प्र.)

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय खरगोन (म.प्र.)
(NAAC द्वारा B++ ग्रेड से प्रत्यायित संस्था)
E-mail: hegpgckhr@mp.gov.in **Phone No:** +91-7282-241562

बास्केटबॉल कोर्ट (मैदान) के पास यूरीनल (महिला+पुरूष) का निर्माण कार्य

1. बास्केटबॉल कोर्ट (मैदान) के पास यूरीनल (महिला+पुरूष) का निर्माण कार्य महाविद्यालय द्वारा जारी कार्यादेश के 1 माह के भीतर पूर्ण करना होगा।
2. निविदाकर्ता अपनी निविदा दरें सीलबंद लिफाफे में दिनांक 12.03.2024 तक प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन (म.प्र.) को सायं 05:00 तक प्रस्तुत करें। लिफाफे पर "बास्केटबॉल कोर्ट (मैदान) के पास यूरीनल (महिला+पुरूष) का निर्माण कार्य **हेतु निविदा**" अवश्य रूप से लिखें।
3. निविदा फार्म के साथ रूपये 52,000/- (अक्षरी बावन हजार रूपये मात्र) की राशि प्राचार्य एवं सचिव जनभागीदारी समिति, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन के पक्ष में खाता क्रमांक **'32345861370'** IFSC: **SBIN0030027** में ऑनलाईन जमा करें एवं इसकी रसीद निविदा फार्म के साथ संलग्न करें। बिना रसीद के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त राशि में रूपये 2,000/- (अक्षरी एक हजार रूपये मात्र) निविदा फार्म हेतु लिया जाएगा एवं अमानत राशि के रूप में जमा रूपये 50,000/- (अक्षरी पचास हजार रूपये मात्र) की राशि वापसी योग्य रहेगी।
4. निविदा महाविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ही प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निविदा की राशि अंको/शब्दो में बिना काट छॉट के स्पष्ट लिखें।
5. कार्य का प्राक्कलन कार्यालय में देखा जा सकता है एवं निविदाकर्ता निविदा राशि प्रस्तुत करने से पूर्व कार्यस्थल का अवलोकन भी कर सकते हैं।
6. निविदाकर्ता के फर्म का वाणिज्य विभाग (GST) का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है। पंजीयन का स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निविदाकर्ता फर्म किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से ब्लेक लिस्टेड नहीं है, इस आशय का शपथ-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. यूरीनल (महिला+पुरूष) का निर्माण कार्य प्राक्कलन एवं लोक निर्माण विभाग (PIU) की SOR दर अनुसार करना होगा।
9. कार्य का भुगतान लोक निर्माण विभाग (PIU) की देख-रेख एवं सत्यापन पश्चात ही किया जाएगा।
10. निविदा अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन करने की दशा में महाविद्यालय द्वारा निविदाकर्ता की अमानत राशि राजसात की जायेगी।
11. कार्य पूर्णता पर देयक का 2 प्रतिशत GST एवं 5 प्रतिशत सुरक्षा निधि संयुक्त FD के रूप में देय होने पर ही भुगतान किया जाएगा, जो 01 वर्ष पश्चात वापसी योग्य होगा।

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय खरगोन (म.प्र.)
(NAAC द्वारा B++ ग्रेड से प्रत्यायित संस्था)
E-mail: hegpgckhr@mp.gov.in **Phone No:** +91-7282-241562

12. निविदाएँ दिनांक 13.03.2024 को दोपहर 02:00 बजे प्राचार्य कक्ष में समिति सदस्यों के सामने खोली जाएगी, जिसमें निविदाकर्ता उपस्थित रह सकते हैं। उक्त समय यदि निविदाकर्ता उपस्थित नही होता है, तो ऐसी स्थिति में महाविद्यालय की क्रय समिति द्वारा निविदा खोल ली जायेगी, जिसकी पृथक से कोई सूचना महाविद्यालय द्वारा नहीं दी जाएगी।
13. निविदा की शर्ते पूर्ण न करने एवं प्रक्रिया के दौरान अनुशासनहीनता होने पर संबंधित फर्म को निविदा प्रक्रिया से बाहर किया जा सकता है।
14. कार्य उच्च गुणवत्ता के अनुरूप न पाए जाने पर राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।
15. निविदा संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन या बदलाव की सूचना महाविद्यालय के वेबसाइट के माध्यम से ही दिया जाएगा। अत: निविदाकर्ता नियमित रूप से महाविद्यालय की वेबसाइट का निरीक्षण करते रहे।
16. बिना कारण बताए निविदा को आंशिक/पूर्ण रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार प्राचार्य को होगा।
17. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र खरगोन जिला खरगोन (म.प्र.) रहेगा। महाविद्यालय प्राचार्य एवं क्रय समिति का निर्णय अंतिम तथा सर्वमान्य होगा।

उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 1 से 17 तक वर्णित जानकारी से मैं/हमारी फर्म सहमत है।

फर्म प्रभारी के हस्ताक्षर:- .....
फर्म का नाम:- .....

मोहर

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय खरगोन (म.प्र.)
(NAAC द्वारा B++ ग्रेड से प्रत्यायित संस्था)
E-mail: hegpgcklr@mp.gov.in **Phone No:** +91-7282-241562

बास्केटबॉल कोर्ट (मैदान) के पास यूरीनल (महिला+पुरूष) का निर्माण कार्य

निविदाकर्ता का नाम	
निविदाकर्ता का पता	
मो.नं.	
ई-मेल	
जीएसटी नंबर	
आधार कार्ड नंबर (छायाप्रति संलग्न)	
निविदा की दर प्रतिशत मे (ABOVE/BELOW)	

निविदा की शर्तो का मैने गहन अध्ययन कर लिया है। उक्त शर्तें मुझे मान्य है।

हस्ताक्षर

निविदाकर्ता